लल्लेश्वरी [लगभग १३२०-९२] कश्मीर की तत्त्वज्ञानी रहस्यवादी सन्त थीं जिन्होंने चार पंक्तियों वाली असंख्य कविताएँ लिखीं जिन्हें “वाख” कहा जाता है। काश्मीरी भाषा में वाख का अर्थ होता है “वाणी”। एक पारम्परिक शैव परिवार में जन्म लेने पर भी लल्ल ने अपना काव्य स्थानीय भाषा में लिखा और इस प्रकार समस्त कश्मीरियों के लिए, शैव सिखावनियों को सुलभ बना दिया जो पहले केवल संस्कृत में ही दी जाती थीं।

युवावस्था में वे अपने श्रीगुरु, सिद्ध श्रीकण्ठ से मिलीं जिन्होंने लल्लेश्वरी को काश्मीर शैवदर्शन की रहस्यवादी परम्परा की दीक्षा प्रदान की। साधना द्वारा लल्ल, पूरी तरह देहभाव से ऊपर उठकर, अवधूत स्थिति को प्राप्त हुईं। कहा जाता है कि अपने जीवन के अन्त में, एक ज्योतिरूप में विलीन होकर उन्होंने समाधि ले ली और ब्रह्माण्ड से एकाकार हो गईं।